**कार्यालय हरिद्वार रूड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार।**

पत्रांक 4983/प्र0102(क)/22/97/2025-26 दिनांक 20/12/2025

विषय: ऑफलाईन निविदा विज्ञापन प्रकाशन के सम्बन्ध में।

सेवा में,

विज्ञापन व्यवस्थापकः-

1. **दैनिक बद्रीविशाल, हरिद्वार।**
2. **दैनिक परम नागरिक, हरिद्वार।**

महोदय,

कृपया संलग्न ऑफलाईन निविदा प्रपत्र इस आशय से संलग्न कर प्रेषित है कि इसे अपने समाचार-पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में दिनांक 21-12-2025 के अंक में 06 गुणा 06 सेमी. / कॉलम में प्रकाशित कराते हुये प्रकाशन तिथि का समाचार-पत्र एवं विज्ञापन बिल दो प्रतियों में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्नकः- उपरोक्तानुसार**

अधीक्षण अभियन्ता,
हरिद्वार रूड़की विकास प्राधिकरण,
हरिद्वार।

**प्रतिलिपिः-**

1. उपाध्यक्ष महोदया को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. सचिव महोदय को सूचनार्थ ।
3. मुख्य वित्त अधिकारी महोदय को सूचनार्थ।
4. लेखानुभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. श्री संदीप सिंह कंप्यूटर टाईपिस्ट को इस निर्देश के साथ की संलग्न ई-निविदा विज्ञापन वेबसाईट www.onlinehrda.com पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
6. संबंधित सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ताओं को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. प्रेषण लिपिक, मुख्यालय हरिद्वार एवं शाखा कार्यालय रूड़की को इस आशय के साथ कि निविदा सूचना नोटिस बोर्ड पर चस्पा करना सुनिश्चित करें।
8. सहायक नगर आयुक्त, नगर निगम, हरिद्वार / रूड़की को इस आशय के साथ कि निविदा सूचना की एक प्रति सूचना पट पर चस्पा करने का कष्ट करें।

अधीक्षण अभियन्ता,

**कार्यालयः हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार।**

पत्रांक 4983/प्रशा02(क)/22/97/2025–26 दिनांक 20/12/2025

**ऑनलाईन निविदा सूचनाः–**

हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार की ओर से वर्ष–2026–27 हेतु स्टेशनरी सामग्री क्रय किये जाने हेतु ऑफलाईन निविदा बन्द पेटी (ऑफलाईन) के माध्यम से दिनांक 30/12/2025 को अपरान्ह् 01:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्राधिकरण कार्यालय के लेखानुभाग से दिनांक 22.12.2025 से दिनांक 29.12.2025 तक कार्य दिवस में दोपहर 1:00 बजे तक निर्धारित शुल्क पर क्रय की जा सकती है। उक्त निविदायें दिनांक 30.12.2025 को अपरान्ह् 2:00 बजे खोली जायेगी। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी नियम / शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ–साथ प्राधिकरण की वेबसाइट www.onlinehrda.com पर उपलब्ध है। उपरोक्त कार्यों की तिथियों में किसी भी प्रकार का संशोधन वेबसाइट www.onlinehrda.com पर ही सूचित किया जायेगा।

अधीक्षण अभियन्ता,
हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण,
हरिद्वार।

Email id- admin.hda@gmail.com
info@onlinehrda.com
Phone no- 01334-220800

# कार्यालय–हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार।

पत्रांकः प्रशा02(क)22 / 97 / 2025.26 दिनांक 12 / 2025

## ऑफलाईन निविदा सूचना।

हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार की ओर से प्राधिकरण में वर्ष–2026–27 हेतु स्टेशनरी सामग्री की आपूर्ति किये जाने का कार्य हेतु ऑफलाईन निविदा बन्द पेटी के माध्यम से दक्ष / अनुभवी फर्मो से टू–बिड़ सिस्टम के अन्तर्गत (तकनीकी एवं वित्तीय) जो आयकर एवं जी0एस0टी0 के अन्तर्गत पंजीकृत हो 01 कार्यों हेतु निविदा दिनांक 30.12.2025 अपरान्ह 1:00 बजे तक निविदा पेटी के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदायें नियत तिथि को अपरान्ह 2:00 बजे तक प्राधिकरण कार्यालय में रखे सील बन्द निविदा बॉक्स / पेटी के माध्यम से प्राप्त की जायेगी। निविदायें 02 पृथक–पृथक तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा एक लिफाफे में सील बन्द कर निविदा बॉक्स में डाली जायेगी। तकनीकी निविदा में निविदादाता द्वारा तकनीकी दस्तावेज उल्लेखित शर्तो के अनुसार डाली जायेगी तथा वित्तीय निविदा में निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र पर निर्धारित स्थानों पर हस्ताक्षर सहित वित्तीय दर के साथ प्रस्तुत की जायेगी। उल्लेखित कार्यों की पहले तकनीकी बिड़ जो उसी दिन अपरान्ह 2:00 बजे निविदा समिति के द्वारा उपस्थित निविदादाताओं / प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। तकनीकी रूप से सफल निविदादाताओं की ही वित्तीय बिड़ बाद में खोली जायेगी। उक्त निविदायें दिनांक 22.12.2025 से दिनांक 29.12.2025 में कार्य दिवस में अपरान्ह 1:00 बजे तक निर्धारित धनराशि पर प्राधिकरण कार्यालय निकट तुलसी चौक, मायापुर, हरिद्वार स्थित लेखानुभाग से क्रय की जा सकती है। निविदा हेतु धरोहर राशि को द्वारा जारी एफ0डी0आर0 जो अधिशासी, हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण के पदनाम से कम से कम 90 दिनों हेतु बन्धक हो मान्य होगी जो तकनीकी निविदा के साथ प्रस्तुत करनी होगी। निविदा के संबंध में विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र में भी उल्लेखित है। कार्यो का विवरण निम्नवत् हैः–

| क्रमांक संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा मूल्य/ जी0एस0टी0 चालान | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | प्राधिकरण में वर्ष–2026–27 हेतु स्टेशनरी सामग्री की आपूर्ति किये जाने का कार्य। | 5.00 | 15,000.00 | 500.00<br>GST Chalan<br>Rs. 90.00 | 1 year |

अधि0 / अधी0 अभियन्ता,
हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण,
हरिद्वार।

प्रतिलिपिः–

1. उपाध्यक्ष महोदय को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. सचिव महोदय को सूचनार्थ ।
3. मुख्य वित्त अधिकारी महोदय को सूचनार्थ।
4. लेखानुभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. श्री संदीप कंप्यूटर टाईपिस्ट को इस निर्देश के साथ की उपरोक्त निविदा सूचना को प्राधिकरण की वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

अधि0 / अधी0 अभियन्ता,

## कार्य हेतु तकनीकी शर्ते।

1. फर्म/ठेकेदार के पास सरकारी/अर्द्धसरकारी/पी0एस0यू0 में स्टेशनरी सामग्री आपूर्ति का 80 प्रतिशत की धनराशि (जी0एस0टी0 सहित) का कम से कम एक कार्य का अनुबन्ध अथवा निविदा लागत के 50–50 प्रतिशत धनराशि के दो कार्य अनुबन्ध अथवा 40–40 प्रतिशत से अधिक धनराशि के तीन कार्य अनुबन्धों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया हो का Work Done Completion Certificate प्रस्तुत करना होगा।
2. पैन कार्ड की प्रति प्रस्तुत/संलग्न करना होगा।
3. जी0एस0टी0 पंजीकरण की प्रति प्रस्तुत/संलग्न करना होगा।
4. धरोहर धनराशि जो कि अधिशासी अभियन्ता, हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार के पक्ष में निर्धारित धनराशि डिमाण्ड ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0/बैंकर्स चेक/बैंक गारण्टी, जिसकी वैधता निविदा की अंतिम वैध अवधि के पश्चात 45 दिन की होनी चाहिये।
5. फर्म/ठेकेदार द्वारा ब्लैक लिस्टेड न होने का शपथ पत्र के साथ–साथ अपलोड/जमा किये जा रहे दस्तावेजों का सत्यापन संबंधी शपथ पत्र रू0–100.00 के स्टाम्प पेपर पर देना होगा।
6. वित्तीय वर्ष 2022–23, 2023–24, 2024–25 का आयकर विवरण प्रस्तुत/संलग्न करना होगा।
7. निविदादाता को सी0ए0 द्वारा सत्यापित पिछले 03 वित्तीय वर्ष 2022–23, 2023–24, 2024–25 का टर्नओवर पृथक शीट में संलग्न करना होगा। उक्त तीनों वर्षों का औसत टर्नओवर निविदा लागत के 100 प्रतिशत के बराबर/अधिक होना चाहिये।
8. निविदा की वैधता 120 दिनों तक मान्य हेतु फर्म/ठेकेदार को उत्तराखण्ड राज्य के रू0–100.00 के स्टाम्प प्रपत्र पर उल्लिखित करते हुये नोटराइज करते हुए हार्डकॉपी प्रस्तुत करनी होगी।
9. निविदादाता को निविदा मूल्य का 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 रू0–90.00 का जी0एस0टी0 चालान स्वंय जमा कर जी0एस0टी0 की चालान की प्रति प्रस्तुत करनी होगी।
10. निविदादाता को एक सील बन्द लिफाफो में निविदा मूल्य की डी0डी0 व धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 निविदा वैधता का स्टाम्प एवं ब्लैक लिस्टेड का स्टाम्प प्रपत्र शर्तों के अनुसार हार्डकॉपी में जमा कराना अनिवार्य है। लिफाफे के बाहर कार्य का नाम, कार्य का टेण्डर आई0डी0 संख्या, फर्म/ठेकेदार का नाम स्पष्ट रूप से अंकित करना अनिवार्य होगा।
11. उपरोक्त समस्त निविदाओं को स्वीकृति/निरस्त करने का सर्वाधिकार बिना कारण बताये उपाध्यक्ष, हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार को निहित है।
12. समस्त निर्धारित/उल्लेखित शर्तों का पालन न करने की दशा में तथा किसी सूचना को छुपाये जाने की दशा में किसी भी समय निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
13. प्रत्येक निविदादाता को एक कार्य के लिये एक ही निविदा डालने का अधिकार होगा। एक से अधिक निविदा डालने पर निविदादाता को अयोग्य घोषित किया जायेगा।
14. असफल निविदादाता की धरोहर राशि प्रार्थना पत्र प्राप्त होने के 01 माह के भीतर अवमुक्त की जायेगी।
15. फर्म को समस्त दस्तावेज निविदा प्रपत्र, तकनीकी दस्तावेज हस्ताक्षर करते हुए मोहर लगाकर अपलोड़ करने होगें। समस्त दस्तावेज हस्ताक्षर न होने की दशा में निविदा निरस्त समझी जायेगी।
16. निविदादाता को निविदा संबंधित समस्त दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर तकनीकी निविदा के साथ अपलोड किये जाने अनिवार्य है, यदि निविदादाता द्वारा अपने स्थान पर अपने प्रतिनिधि को हस्ताक्षर हेतु अधिकृत किया जाता है तो निविदादाता को रू0–10.00 रूपये के स्टाम्प प्रपत्र पर पावर ऑफ अटॉर्नी उल्लेखित करते हुये देनी होगी
17. निविदा की गुणवत्ता से समझौता किये बिना निविदादाता की प्रपत्र सम्बन्धी किसी भी कमी को इग्नोर करने का अधिकार निविदा समिति का होगा।
18. किसी भी वाद–विवाद की स्थिति में उपाध्यक्ष, हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार का निर्णय मान्य होगा असहमति की दशा में न्यायिक क्षेत्र जनपद–हरिद्वार रहेगा।
19. किसी भी प्रपत्र के निर्णय के सम्बन्ध में उत्तराखण्ड सरकार द्वारा निर्गत शासनादेशों तथा उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली के अनुसार निर्णय लिया जायेगा।

अधि0/अधी0 अभियन्ता,
हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण,
हरिद्वार।